__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-  Class - V

Subject - Hindi Language  Page - 1

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

‘पर्यायवाची’

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ ‘पर्यायवाची’ शब्द, कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 7 नवंबर, 2022 को भेजा जाएगा।

बच्चो ! ‘पर्यायवाची’ शब्द दो शब्दों के मेल से बना है ‘पर्याय’ तथा ‘वाची’। ‘पर्याय’ शब्द का अर्थ है समान तथा ‘वाची’ शब्द का अर्थ है बोले जाने वाले। अर्थात् समान रूप से बोले जाने वाले शब्द पर्यायवाची कहलाते हैं।

इस प्रकार -

पर्यायवाची शब्दों के अर्थ आपस में मिलते-जुलते हैं, किंतु ये एक समान नहीं होते। इनके अर्थों में बहुत सूक्ष्म अंतर होता है। जैसे पानी के लिए ‘जल, नीर, अंबुज’ आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है, परन्तु गंगा के पानी के लिए ‘जल’ शब्द का प्रयोग होता है, वहीं गंदे नाले के पानी के लिए ‘जल’ शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता।

इस प्रकार बच्चो !

- किसी वस्तु के गुण, रूप, अवस्था आदि को देखकर उसके पर्यायवाची शब्दों का जन्म होता है।
- पर्यायवाची शब्द अधिकांशत: ‘रूढ़ शब्द’ होते हैं।

बच्चो ! अब मैं आपको कुछ पर्यायवाची शब्द

Scanned with CamScanner

Date -                    Class - V

Subject - Hindi Language          Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे

| | शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| 1. | माँ | अंबा, जननी, माता |
| 2. | युद्ध | संग्राम, रण, समर |
| 3. | राजा | नृप, भूप, भूपति |
| 4. | सूर्य | रवि, दिनकर, दिवाकर |
| 5. | विश्व | संसार, जगत, जग |
| 6. | जल | पानी, नीर, सलिल |
| 7. | पुस्तक | किताब, पोथी, ग्रंथ |
| 8. | दुख | कष्ट, विपत्ति, व्यथा |
| 9. | दिन | दिवस, वार, वासर |
| 10. | किनारा | तट, तीर, साहिल |
| 11. | आयु | उम्र, वय, जीवनकाल |

Scanned with CamScanner

Date-                                Class - V
Subject - Hindi Language                Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 12. | आग | पावक , अनल , अग्नि |
| 13. | आदमी | मानव , मनुष्य , इंसान |
| 14. | कोयल | कोकिला , पिक , काकपाली |
| 15. | तालाब | जलाशय , सरोवर , तड़ाग |

**गृहकार्य :-**

बच्चो ! आप ऊपर कराए गए इन सभी 15 पर्यायवाची शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner